


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,गुरूवार,04,सितम्बर,2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com


# Punjab Floods

## बाढ़ से 1400 गांव और 4.5 लाख लोग प्रभावित... 37 की मौत, दो दिन भारी बारिश; इसलिए बिगड़े हालात




पंजाब में बाढ़ की चपेट में 1400 से अधिक गांव आए गए हैं। 4.5 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। करीब 37 लोगों की जान चली गई। 3.5 लाख एकड़ जमीन में फसल पानी में डूब गई है। राज्य सरकार ने 71 करोड़ रुपये का फंड जारी किया है। पंजाब में अभी और हालात बिगड़ सकते हैं। दो दिन भारी बारिश का अलर्ट है। हिमाचल और पंजाब में लगातार बारिश से बाढ़ के हालात खराब हो गए हैं। पंजाब के सभी 23 जिलों में 1400 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। ऐसे में पंजाब सरकार ने पूरे राज्य को आपदाग्रस्त घोषित कर दिया है। सभी विभागों को प्रभावित सेवाओं को बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम करने के आदेश दिए गए हैं। सभी विभागों में कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। मुख्य सचिव केएपी सिन्हा ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों और विभागों को राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा है। शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने सभी सरकारी, एडेड, मान्यता प्राप्त, निजी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और पॉलिटेक्निक संस्थानों को 7 सितंबर तक बंद करने का फैसला लिया गया है। पहले इन्हें 3 सितंबर तक बंद रखने का फैसला लिया गया था। राज्य में 3.5 लाख एकड़ जमीन में फसल डूब गई है। अब तक 37 लोगों की जान जा चुकी है। बुधवार को भी तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें बरनाला में बुजुर्ग दंपती और लुधियाना में एक युवक शामिल हैं। राज्य में 4.5 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। मौसम विभाग ने दो दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आने वाले दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।



## GST 2.0: 5% और 12% जीएसटी के बाद क्या सस्ता-महंगा होगा, किस पर लगेगा 40% टैक्स?




जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद बीते दिन यानी बुधवार को जीएसटी से जुड़े कई बड़े बदलाव सामने आए। केंद्र सरकार ने दरों में बदलाव के साथ-साथ आम जनता और उद्योग जगत से जुड़े तमाम सवालों के जवाब दिए। कुछ अपवादों को छोड़कर नई दरें 22 सितंबर 2025 से लागू होंगी। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में वित्त मंत्रालय ने गहन मंथन के बाद आईपीएल जैसे खेल आयोजनों के टिकट, तंबाकू-सिगरेट जैसे उत्पाद और बीमा पर कर की दरों में बदलाव जैसे अहम फैसले लिए। नई दरें नवरात्रि के मौके पर यानी 22 सितंबर 2025 से प्रभावी होंगी। आइए ग्राफिक्स के जरिए जानते हैं कौन-कौन से बदलाव हुए, किसे फायदा होगा, कौन नुकसान झेलेगा, किन-किन चीजों पर 40 फीसदी टैक्स लगेगा, क्या सस्ता होगा और क्या महंगा होगा...




## China: रोबोट भेड़िए, दुनिया को निशाना बनाने में सक्षम परमाणु मिसाइल; चीन की परेड में दिखे कौन से घातक हथियार?

द्वितीय विश्व युद्ध में चीन की जापान पर विजय के 80 साल के जश्न के दौरान ड्रैगन की तरफ से किन-किन हथियारों को दुनिया के सामने लाया गया? इनमें सबसे घातक हथियार कौन से रहे? इनकी खासियतों को लेकर क्या दावा किया जा रहा है? साथ ही विशेषज्ञों का चीन के इस शक्ति प्रदर्शन पर क्या कहना है? आइये जानते हैं... चीन में बुधवार को द्वितीय विश्व युद्ध से जुड़े एक समारोह पर पूरी दुनिया की निगाहें रहीं। यह कार्यक्रम न सिर्फ चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग-उन समेत दुनिया के कई नेताओं के एक मंच पर आने का गवाह बना, बल्कि इस दौरान ड्रैगन ने अपने एक से एक उन्नत हथियारों का प्रदर्शन भी किया। चीन ने अपनी बाकी परेड्स के मुकाबले इस परेड में जिन हथियारों को दिखाया, उसने दुनिया को भी चौंका दिया है। बताया गया है कि चीन की सेना की यह परेड उसके इतिहास की सबसे बड़ी परेड




थी। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने तियानमेन स्क्वायर पर सैन्य परेड में 50 हजार लोगों की भीड़ और मीडिया के सामने देश की सेनाओं को सलामी दी। इसके बाद हथियारों का प्रदर्शन किया गया। जिन खास हथियारों को दिखाया गया, उनमें रोबोटिक भेड़ियों से लेकर परमाणु बैलिस्टिक मिसाइलें, लेजर हथियार और ड्रोन्स की नई रेंज शामिल रहे। इसके अलावा लड़ाकू विमान, अंतरिक्ष से जुड़ी रक्षा प्रणालियां भी चीन की प्रदर्शनी का अहम हिस्सा रहे। परेड की शुरुआत एक 80 बंदूकों वाली तोप की सलामी से हुई, जिसके जरिए चीन की जापान विजय के 80 वर्षों को दर्शाया गया। इसके बाद बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर और फाइटर जेट्स ने कालाबाजियां दिखाईं। वहीं, 80 हजार सफेद कबूतरों और रंगीन गुब्बारों को भी उड़ाया गया। इस परेड के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि दुनिया को शांति और युद्ध के बीच में चुनना होगा। इसमें बड़े से बड़े जहाज को भारी नुकसान पहुंचाने की क्षमता होने का दावा किया जाता है।

## Tariff War: 'पीएम मोदी को रूस और चीन के करीब ला रहा व्हाइट हाउस', ट्रंप के पूर्व सलाहकार जॉन बोल्टन का बयान

यह टिप्पणी चीन के तियानजिन में 25वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्ष परिषद शिखर सम्मेलन के समापन के बाद आई है, जिसके दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन से इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने गुरुवार (स्थानीय समय) को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचना की। उन्होंने भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ को लेकर ट्रंप पर निशाना साधा और उन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस और चीन के करीब लाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि




ट्रंप की टैरिफ नीति ने पिछले अमेरिकी प्रशासन की दशकों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर बोल्टन ने एक पोस्ट में कहा, 'व्हाइट हाउस ने पीएम मोदी को रूस और चीन के करीब लाकर अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है। बीजिंग ने खुद को अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के विकल्प के रूप में पेश किया है।' उन्होंने ट्रंप की टैरिफ नीति की आलोचना करते हुए कहा कि इसने भारत को तत्कालीन सोवियत संघ (रूस) के साथ शीत युद्ध के संबंधों से दूर करने और चीन से बढ़ते खतरे से निपटने के दशकों के पश्चिमी प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है।

# Aaj Ka Rashifal 04 September

## वृषभ, मिथुन और कन्या राशि वालों को मिलेगा भाग्य का साथ

04 September Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 04 सितंबर 2025 का राशिफल।आज, 4 सितंबर गुरुवार का दिन है और हिंदू पंचांग के अनुसार आज भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि है।




### मेष

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें और अपनी किसी भी शारीरिक समस्या को यदि आपने दबाया, तो बाद में वह आपके लिए कोई नई समस्या खड़ी कर सकती है। आपको अपने सगे संबंधियों से भी मिलने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी से चल रही अनबन भी दूर होगी, जिससे दोनों एक दूसरे के लिए के साथ कहीं घूमने फिरने भी जा सकते हैं।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आप अपनी आय को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे। किसी कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी किसी से अनबन चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आप अपने भाई और बहनों से काम को लेकर कोई मदद ले सकते हैं। आज आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होंगे। राजनीतिक की ओर कार्यरत लोगों को किसी काम को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं होना है। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाने की पूरी कोशिश करेंगे, जिस कारण आप अच्छे खान-पान में कुछ नई चीजों की भी खरीदारी कर सकते हैं। आप अपने कामों में कोई बदलाव न करें। लंबे समय से चली आ रही कड़वाहट को भी मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी नए काम की शुरुआत करने की सोच सकते हैं, आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। साझेदारी में आप किसी नए काम की शुरुआत करने की सोच सकते हैं। आप अपने साथी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। आपको किसी से काम को लेकर कुछ मदद लेनी पड़ सकती है, जो आपको आसानी से मिल जाएगी। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। दांपत्य जीवन में आपको तालमेल बनाकर चलें, तो आपको भाई व बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। विरोधी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश तो करेंगे, लेकिन वह आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकेंगे। संतान की संगति पर आप विशेष ध्यान दें। आप कहीं घूमने-फिरने जाने की योजना बना सकते हैं। आपको नौकरी में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो आप किसी दूसरे जगह अप्लाई करने की सोचेंगे।

### कन्या

आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। जीवनसाथी के लिए भी आप कोई गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे। यदि आपको कार्यक्षेत्र में किसी काम को लेकर कोई समस्या है, तो उसके लिए आप अपने बॉस से बातचीत अवश्य करें, जिससे आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आप अपने बिजनेस को कहीं बाहर तक ले जाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा।

### तुला

आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रहेगा। नौकरीपेशा लोग अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। संतान की सेहत में गिरावट आ सकती है, जो आपको समस्या देगी। आपका किसी पारिवारिक मामले को लेकर मन परेशान अधिक रहेगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपने बिजनेस में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

### वृश्चिक

आज आपके मन में किसी काम को लेकर उथल-पुथल बनी रहेगी। आपको अपनी मेहनत पर भरोसा रखना होगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको अपने कामों को थोड़ा ध्यान रखना होगा और आप अपने गुस्से को कंट्रोल करने की पूरी कोशिश करें। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। बिजनेस में आपको किसी समस्या को लेकर अपने पार्टनर से बातचीत करनी होगी, तभी आप किसी काम में आगे बढ़ें।

### धनु

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आप अपने जरूरी कामों को कल पर टालने से बचें। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा, जिसे आप अपने पिताजी से शेयर कर सकते हैं। आपका कोई काम पूरा न होने में समस्या आ रही थी, तो वह पूरी हो सकती है। आप अपने आस पड़ोस में किसी को बिना मांगे सलाह न दें।

### मकर

आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। आप कोई निवेश करेंगे, तो उसमें आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खानपान की आदतों में बदलाव लाएं। आपको किसी काम को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा और आपके मन की इच्छा के पूर्ति होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। वैवाहिक जीवन में आपसी समानता बनी रहेगी। आज आपको काम को लेकर भागदौड़ भी अधिक रहेगी।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए चुनौती से भरा रहने वाला है। आपको अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोले। आध्यात्म के कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आपको अपने कामों को समय से निपटाने की आवश्यकता है। आपको किसी दूर रहे परिजन की याद सता सकती है। विद्यार्थी किसी नौकरी से संबंधित कोर्स की परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं।

### मीन

आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका मान-सम्मान बढ़ने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से किए गए कामों में भी आपको सफलता मिलेगी। नौकरी के लिए भी कोई अच्छा ऑफर आ सकता है। माता-पिता से किसी संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। आपको अपनी वाणी पर संयम रखें। आपको किसी काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी।

जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है।इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं।

# Punjab Floods

## बाढ़ से 1400 गांव और 4.5 लाख लोग प्रभावित... 37 की मौत, दो दिन भारी बारिश; इसलिए बिगड़े हालात









पंजाब में बाढ़ की चपेट में 1400 से अधिक गांव आए गए हैं। 4.5 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। करीब 37 लोगों की जान चली गई। 3.5 लाख एकड़ जमीन में फसल पानी में डूब गई है। राज्य सरकार ने 71 करोड़ रुपये का फंड जारी किया है। पंजाब में अभी और हालात बिगड़ सकते हैं। दो दिन भारी बारिश का अलर्ट है।हिमाचल और पंजाब में लगातार बारिश से बाढ़ के हालात खराब हो गए हैं। पंजाब के सभी 23 जिलों में 1400 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। ऐसे में पंजाब सरकार ने पूरे राज्य को आपदाग्रस्त घोषित कर दिया है। सभी विभागों को प्रभावित सेवाओं को बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम करने के आदेश दिए गए हैं। सभी विभागों में कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। मुख्य सचिव केएपी सिन्हा ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों और विभागों को राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा है। शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने सभी सरकारी, एडेड, मान्यता प्राप्त, निजी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और पॉलिटेक्निक संस्थानों को 7 सितंबर तक बंद करने का फैसला लिया गया है। पहले इन्हें 3 सितंबर तक बंद रखने का फैसला लिया गया था। राज्य में 3.5 लाख एकड़ जमीन में फसल डूब गई है। अब तक 37 लोगों की जान जा चुकी है। बुधवार को भी तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें बरनाला में बुजुर्ग दंपती और लुधियाना में एक युवक शामिल हैं। राज्य में 4.5 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।हिमाचल के ऊपरी क्षेत्रों में हो रही जोरदार बारिश व बादल फटने की घटनाओं के चलते भाखड़ा बांध के पीछे बनी विशाल गोबिंद सागर झील का 1678.10 फीट पंहुच गया है जो खतरे के निशान से मात्र दो फीट कम है। खतरे का निशान 1680 फीट है। भाखड़ा से रोज 75 हजार क्यूसेक पानी टर्बाइनों व फ्लड गेटों से छोड़ा जा रहा है।

## अब गाजीपुर के इस रेलवे स्टेशन पर फिर से रुकेंगी फरक्का और पटना-कोटा एक्सप्रेस




गाजीपुर के भदौरा रेलवे स्टेशन पंडित दीनदयाल उपाध्याय-दानापुर रेलखंड पर स्थित है। इस स्टेशन पर फरक्का एक्सप्रेस और पटना-कोटा एक्सप्रेस का ठहराव फिर शुरू किया गया है। कोरोना काल में इन ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया था। इससे क्षेत्रीय लोगों को काफी असुविधा हो रही थी। रेलवे प्रशासन ने बुधवार को सूची जारी कर इसकी आधिकारिक जानकारी दी। इस निर्णय से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लोगों ने मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। कोरोना काल में भदौरा स्टेशन पर पंजाब मेल का ठहराव भी बंद था। लेकिन हाल ही में इसे भी बहाल किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि लंबे समय से भदौरा स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग की जा रही थी। इस मांग के पूरा होने से न केवल यात्रियों को सुविधा होगी, बल्कि स्टेशन की पुरानी रौनक भी लौट आएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रेनों के ठहराव से स्टेशन फिर से गुलजार होगा और लोगों को यात्रा में आसानी होगी।

इस कदम से न सिर्फ भदौरा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। रेलवे स्टेशन पर बढ़ती भीड़ और गतिविधियाँ क्षेत्र के छोटे-मोटे व्यवसायों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होंगी। रेलवे प्रशासन के इस निर्णय को क्षेत्रवासियों ने सराहा है। इसे एक सकारात्मक पहल माना है। उम्मीद है कि भविष्य में और भी ट्रेनों का ठहराव यहां शुरू किया जाएगा।

## मशहूर फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली फिर विवादों में, बीकानेर में दर्ज हुई गंभीर धाराओं में FIR



फिल्म जगत से जुड़ी एक बड़ी और सनसनीखेज खबर बीकानेर से सामने आई है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मशहूर फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली एफआईआर दर्ज की गई है। भंसाली की कंपनी भंसाली प्रोडक्शन्स, प्रोडक्शन मैनेजर उत्कर्ष बाली और अरविंद गिल के खिलाफ भी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है। मामला बीछवाल थाने में दर्ज **यह मामला भंसाली की बहुचर्चित फिल्म "Love & War" की शूटिंग से** जुड़ा है। **एफआईआर में धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, धमकी और संगठित षड्यंत्र जैसे संगीन आरोप शामिल किए गए हैं।** यह शिकायत राधा फिल्म्स एंड हॉस्पिटैलिटी के सीईओ और लाइन प्रोड्यूसर प्रतीक राज माथुर ने दर्ज करवाई। उनका आरोप है कि फिल्म के प्रोडक्शन में नियुक्ति प्रक्रिया और सुरक्षा इंतज़ाम को लेकर धोखाधड़ी की गई है। इसके अलावा 17 अगस्त 2025 को निजी सुरक्षा कर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार और धमकी देने की घटना का भी ज़िक्र एफआईआर में दर्ज है। फिलहाल भंसाली या उनकी टीम की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इससे पहले उनकी फिल्म "पद्मावत" की शूटिंग को लेकर भी विवाद खड़ा हुआ था। अब एक बार फिर संजय लीला भंसाली और उनकी टीम राजस्थान में विवादों में घिर गए।

## निया शर्मा ने अली गोनी-जैस्मिन भसीन-कृष्णा-सुदेश के साथ जमकर किया डांस, शेयर किया शानदार वीडियो



प्रसिद्ध टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर अपने कई शानदार वीडियो शेयर किए हैं। इन सभी में निया जमकर मस्ती करती नजर आ रही हैं। इन शानदार वीडियो में निया, अली गोनी और जैस्मीन भसीन और बाकी टीवी कलाकारों के साथ जमकर डांस और मस्ती करती नजर आ रही हैं। निया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई वीडियो शेयर किए। लेकिन इन सभी में से एक वीडियो सबसे खास रहा, जिसमें वह, अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, रागिनी खन्ना, जौस्मीन भसीन और सुदेश लहरी संग डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में सभी 1987 की फिल्म 'खुदगर्ज' के मशहूर गाने 'आप के आ जाने से' पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि सुदेश लहरी गाना गा रहे हैं। निया ने इस पोस्ट के साथ लिखा, 'लाफ्टर शेफ्स परिवार के साथ क्या शानदार रात थी।' 'आप के आ जाने से' गाना फिल्म 'खुदगर्ज' का है, जिसमें गोविंदा और नीलम थे। इसे मोहम्मद अजीज और साधना सरगम ने गाया था। इस फिल्म का निर्देशन राकेश रोशन ने किया था। इस फिल्म में जीतेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा, भानुप्रिया और अमृता सिंह जैसे सितारे भी थे। यह फिल्म जेफ़्री आर्चर के उपन्यास 'केन एंड एबेल' पर आधारित थी और बाद में तेलुगु और तमिल में भी बनाई गई। 'लाफ्टर शेफ्स फन अनलिमिटेड' में निया शर्मा के अलावा कृष्णा अभिषेक, राहुल वैद्य, करण कुंद्रा, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, रीम शेख, सुदेश लहरी, एल्विश यादव, रुबीना दिलैक, अली गोनी और कश्मीरा शाह जैसे सितारे हैं। शो की मेजबानी भारती सिंह ने की है और शेफ हरपाल सिंह जज हैं। इस शो के अलावा निया ने हाल ही में 'सुहागन चुड़ैल' में निशिगंधा नाम की चुड़ैल की भूमिका निभाई,

## तमन्ना भाटिया-डायना ने एक-दूसरे के खोले गहरे राज,



तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी जल्द ही नई कॉमेडी सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' में पहली बार एक साथ नजर आएंगी। तमन्ना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो जारी किया, जिसमें दोनों ने एक-दूसरे के बारे में ऐसी बातें शेयर कीं जो कोई और नहीं जानता। तमन्ना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें डायना ने तमन्ना के बारे में कुछ सीक्रेट बातें बताईं। इसके साथ ही डायना ने भी तमन्ना के बारे में कई राज खोले। डायना ने तमन्ना के बारे में कहा- 'सबसे जरूरी बात - यह बहुत बेशर्म कॉफी चोर है। उसे इस पर कोई अफसोस नहीं होता।' इसके बाद तमन्ना ने भी जवाब दिया और कहा- 'डायना असल में बहुत मजाकिया हैं।' आगे तमन्ना ने कहा, 'तुम इतने प्यारे किरदार निभाती हो कि किसी को पता ही नहीं चलता कि तुम असल में पूरी तरह पागल हो।' एक और खास बात तमन्ना ने डायना के बारे में बताई, 'चाहे जो भी हो मैं उनके बारे में जानती हूं, वह हमेशा अपने नाखूनों को अच्छे से मैनीक्योर कराती हैं। तुम उन्हें कभी भी बिना मैनीक्योर के नहीं देखोगे, भले ही वह कितनी थकी हों। उनके पैर भी हमेशा साफ-सुथरे रहते हैं।'



## Punjab Flood: पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए मसीहा बने एक्टर-सिंगर एमी विर्क, 200 प्रभावित घरों को लिया गोद



पंजाब राज्य के कई जिले इन दिनों बाढ़ की मार झेल रहे हैं, जिसमें कई घर प्रभावित हुए हैं। सरकार और स्थानीय लोगों द्वारा बचाव कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में पंजाबी अभिनेता और गायक एमी विर्क ने बड़ा दिल दिखाते हुए 200 बाढ़ से प्रभावित परिवारों को गोद ले लिया है। पंजाबी अभिनेता और गायक एमी विर्क ने इंस्टाग्राम पर बाढ़ प्रभावितों के लिए एक पोस्ट लिखी और मदद की पेशकश की। उन्होंने लिखा, 'पंजाब में बाढ़ से हुई तबाही देखकर हमारा दिल दुखता है। अपने लोगों को बिना छत के देखकर मैं पूरी तरह टूट गया हूँ। आराम और स्थिरता लाने के अपने छोटे से प्रयास में, हम उन लोगों की मदद के लिए 200 घरों को गोद ले रहे हैं जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है। यह केवल आश्रय के बारे में नहीं है - यह आशा, सम्मान और फिर से शुरुआत करने की ताकत देने के बारे में है।' बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने प्रभावित लोगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करते हुए, एक्स पर एक नोट लिखा। उन्होंने कहा, 'पंजाब में बाढ़ से हुई तबाही वाकई दिल दहला देने वाली है। प्रभावित सभी लोगों के लिए मैं शक्ति और प्रार्थनाएं भेज रहा हूं। मैं हर संभव मदद करूंगा। बाबाजी पंजाब में सभी का भला करें और उनकी रक्षा करें।'

## 'बागी 4' का सिजलिंग सॉन्ग 'ये मेरा हुस्न' हुआ रिलीज



मुंबई : टाइगर श्रॉफ की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'बागी 4' 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म के मेकर्स लगातार इसे लेकर उत्सुकता बनाए हुए हैं और इसी कड़ी में उन्होंने मंगलवार को फिल्म का नया गाना 'ये मेरा हुस्न' जारी किया। गाने के लॉन्च होते ही सोशल मीडिया पर धमाल मच गया है। इस गाने में मिस यूनिवर्स रह चुकीं हरनाज कौर संधू का अब तक का सबसे अलग और बोल्ड अवतार देखने को मिल रहा है। उनका किलर डांस मूव्स और एक्सप्रेशन फैंस को खूब भा रहे हैं। गाने में हरनाज ग्लैमरस अंदाज़ में नजर आ रही हैं और उनका परफॉर्मेंस फिल्म के म्यूज़िकल प्रमोशन में जान डाल रहा है। यूट्यूब पर रिलीज होते ही गाने को लाखों व्यूज़ मिल चुके हैं और कमेंट सेक्शन में दर्शक हरनाज की तारीफों के पुल बांध रहे हैं। वहीं, फिल्म के लीड स्टार टाइगर श्रॉफ के एक्शन और डांस का जादू भी फैंस को देखने का इंतजार है। निर्माताओं का कहना है कि 'ये मेरा हुस्न' फिल्म के उन गानों में से एक है जो युवाओं के बीच हिट साबित होगा। संगीत में आधुनिक बीट्स और देसी तड़के का संगम है, जो इसे पार्टी नंबर बना रहा है। गौरतलब है कि 'बागी' फ्रेंचाइजी हमेशा से ही एक्शन और म्यूज़िक के लिए जानी जाती रही है। अब 'बागी 4' में दर्शकों को डबल एक्शन, ड्रामा और म्यूज़िकल एंटरटेनमेंट मिलने वाला है। हरनाज कौर संधू की इस एंट्री ने फिल्म के प्रति उत्सुकता और भी बढ़ा दी है। फैंस को 5 सितंबर का बेसब्री से इंतजार है, जब यह फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज होकर धूम मचाएगी।

## Mirai: सुपरस्टार रजनीकांत ने की 'मिराय' के ट्रेलर की तारीफ, मांचू मनोज ने जताया आभार; साझा की तस्वीरें



तेजा सज्जा और मांचू मनोज की आगामी फिल्म 'मिराय' का ट्रेलर सामने आने के बाद फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यह एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म है। फिल्म लगातार चर्चाओं में भी बनी हुई है और ट्रेलर को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। अब सुपरस्टार रजनीकांत ने फिल्म का ट्रेलर देखा है और इसकी सराहना की है। इस बात की जानकारी फिल्म में निगेटिव किरदार निभाने वाले मांचू मनोज ने दी है। मांचू मनोज ने अपने इंस्टाग्राम पर रजनीकांत के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सुपरस्टार रजनीकांत अपने फोन में ' मिराय' का ट्रेलर देख रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए मांचू मनोज ने लिखा, 'ट्रेलर देखने और हमारी सराहना करने के लिए सुपरस्टार रजनीकांत का हार्दिक धन्यवाद। सिवाकार्तिकेयन आपकी अपार सफलता की कामना करता हूं। तमिल लोगों और मित्रों का हार्दिक आभार जिन्होंने हमारा हमेशा समर्थन किया हाल ही में 'मिराय' का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसमें एक्शन और एडवेंचर दोनों ही देखने को मिले थे। फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स के होने की उम्मीद है। कार्तिक घट्टामनेनी द्वारा निर्देशित 'मिराय' 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

# Gold Silver Price

## सातवें दिन भी सोने की कीमतों में उछाल, चांदी फिर नए हाई पर;




टैरिफ की चिंताओं और कमजोर रुपये के कारण सोने की कीमत लगातार सातवें सत्र में मजबूत रही। मंगलवार को राजधानी दिल्ली में **सोने की कीमत 400 रुपये की बढ़त के साथ 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम** के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी 400 रुपये बढ़कर 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं **चांदी की कीमत 100 रुपये बढ़कर 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम** (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

**निवेशकों की है इन पर नजर** अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा कि भू-राजनीति भी केंद्र में बनी हुई है। साथ ही **भारत, रूस और चीन के बीच संबंधों के मजबूत होने के संकेत हैं। इससे अमेरिकी प्रभाव और डॉलर पर दबाव पड़ सकता है, जिससे बुलियन की कीमतों को बढ़ावा मिलेगा।** मेहता ने कहा कि निवेशक अब फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति के बारे में नए संकेत के लिए आगामी अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। इसमें रोजगार के अवसर, एडीपी रोजगार और गैर-कृषि वेतन शामिल हैं।

# भारत पर ट्रंप का अतिरिक्त 25% टैरिफ लागू:

## विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को लग सकता है झटका; भारत की क्या रणनीति?




भारतीय उत्पादों पर बुधवार से 50 फीसदी उच्च अमेरिकी टैरिफ लागू गया है। इससे 48.2 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर असर पड़ेगा। ट्रंप टैरिफ की वजह से भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजारों में काफी महंगे हो जाएंगे, जिससे घरेलू निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के प्रतिस्पर्धियों की स्थिति कम टैरिफ के कारण अमेरिकी बाजार में बेहतर होगी। इस चुनौती से निपटने के लिए मोदी सरकार को बड़े स्तर पर प्रयास करने होंगे, अन्यथा न सिर्फ देश की जीडीपी पर असर पड़ेगा, बल्कि भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने का लक्ष्य भी प्रभावित होगा। वोंटोबेल में ईएम इक्विटीज के सह-प्रमुख राफेल लुएशर का कहना है कि उच्च टैरिफ भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है। इससे अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव में आने वाली भारतीय कंपनियां भी निवेश संबंधी फैसले टाल सकती हैं, जिसका नकारात्मक असर नौकरियों पर पड़ सकता है। कपड़ा, जूते, आभूषण और ऑटो पार्ट्स उद्योगों में अगले 12 महीनों में 10-15 लाख नौकरियां जा सकती हैं। अकेले कपड़ा क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा रोजगार प्रभावित होने की आशंका है। सूरत और मुंबई के रत्न-आभूषण उद्योग में भी एक लाख से ज्यादा नौकरियां जाने का खतरा है। **50 फीसदी टैरिफ की पुष्टि और व्यापार वार्ता रद्द होने से विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली की, जिससे ऑटो, धातु और रियल्टी शेयरों में 1-2 फीसदी की गिरावट आई।** सेंसेक्स 849 और निफ्टी 255 अंक टूट गया।




# Women Workforce

## सात साल में 40% पहुंची महिलाओं में रोजगार दर; देश में महिला कार्यबल भागीदारी दर में वृद्धि

भारत में महिला कार्यबल भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। बेरोजगारी दर में बदलाव ग्रामीण भारत में और भी महत्वपूर्ण है। यहां महिला रोजगार में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में शहरी क्षेत्रों में रोजगार 43 फीसदी बढ़ा है। महिला स्नातकों की रोजगार क्षमता भी 2013 के 42 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 47.53 प्रतिशत हो गई है।देश में महिलाओं की रोजगार दर सात वर्षों में लगभग दोगुनी होकर 2023-24 में 40.3 फीसदी हो गई है। 2017-18 में यह 22 फीसदी थी। श्रम मंत्रालय ने कहा, इसी अवधि में बेरोजगारी दर 5.6 से घटकर 3.2 फीसदी हो गई। 2047 तक विकसित भारत का विजन प्राप्त करने के लिए प्रमुख स्तंभों में से एक देश में 70 प्रतिशत महिला कार्यबल भागीदारी सुनिश्चित करना है।मंत्रालय ने सोमवार को बयान में कहा, भारत में महिला कार्यबल भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। बेरोजगारी दर में बदलाव ग्रामीण भारत में और भी महत्वपूर्ण है। यहां महिला रोजगार में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में शहरी क्षेत्रों में रोजगार 43 फीसदी बढ़ा है। महिला स्नातकों की रोजगार क्षमता भी 2013 के 42 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 47.53 प्रतिशत हो गई है। स्नातकोत्तर शिक्षा और उससे ऊपर की शिक्षा प्राप्त महिलाओं में रोजगार दर 2017-18 के 34.5 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40 फीसदी हो गई है।पिछले सात वर्षों में 1.56 करोड़ महिलाएं औपचारिक कार्यबल में शामिल हुई हैं। अगस्त तक ई-



श्रम ने 16.69 करोड़ से अधिक महिला असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण दर्ज किया है। इससे उन्हें सरकार की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं तक पहुंच प्राप्त हुई है। सरकार के प्रयास महिला उद्यमियों के विकास में योगदान दे रहे हैं। 15 मंत्रालयों की 70 केंद्रीय योजनाएं और 400 से अधिक राज्य स्तरीय योजनाएं महिला उद्यमिता को समर्थन देने पर केंद्रित हैं।

# Share Market Opening:

## जीएसटी काउंसिल की बैठक से पहले बाजार की सपाट शुरुआत, सेंसेक्स-निफ्टी में उठा-पटक जारी

बुधवार को शेयर बाजार की सपाट शुरुआत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 153.28 अंक टूटकर 80,004.60 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी 46.40 अंक की गिरावट के साथ 24,533.20 पर कारोबार कर रहा था। विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी परिषद का फैसला आने वाले दिनों में बाजार की चाल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



**जीएसटी परिषद के फैसले का पड़ेगा असर**

बाजार सहभागियों को उम्मीद है कि परिषद आर्थिक विकास को समर्थन देने तथा घरेलू खपत को बढ़ावा देने के लिए उपायों की घोषणा कर सकती है, ऐसे समय में जब बाहरी चुनौतियां बनी हुई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी परिषद का फैसला आने वाले दिनों में बाजार की चाल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### बुधवार के शुरुआती कारोबार में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के निफ्टी में सूचीबद्ध कंपनियों का नफा-नुकसान

Gainers | **Losers** | Most Active(Value) | Most Active(Volume) | ETFs(Volume)

| SYMBOL | LTP | CHNG | %CHNG | VOLUME (Lakhs) | VALUE (₹ Crores) |
|---|---|---|---|---|---|
| SARVES-RE | 0.66 | -0.39 | -37.14 | 46.15 | 0.31 |
| ABAN | 43.40 | -2.79 | -6.04 | 2.31 | 1.01 |
| DAVANGERE | 3.78 | -0.22 | -5.50 | 1,309.63 | 49.24 |
| NKIND | 65.40 | -3.60 | -5.22 | 0.00 | 0.00 |
| GLOBUSSPR | 1,134.60 | -61.90 | -5.17 | 0.86 | 9.96 |

**Gainers** | Losers | Most Active(Value) | Most Active(Volume) | ETFs(Volume)

| SYMBOL | LTP | CHNG | %CHNG | VOLUME (Lakhs) | VALUE (₹ Crores) |
|---|---|---|---|---|---|
| LFIC | 230.99 | 30.24 | 15.06 | 1.79 | 4.22 |
| JITFINFRA | 306.20 | 38.95 | 14.57 | 5.60 | 16.74 |
| STALLION | 184.70 | 22.12 | 13.61 | 51.27 | 93.05 |
| TBOTEK | 1,552.50 | 170.00 | 12.30 | 24.32 | 377.79 |
| JAICORPLTD | 158.32 | 15.90 | 11.16 | 228.50 | 352.83 |


**उपभोग करों और अर्थव्यवस्था के लिए अहम है बैठक** बैंकिंग और बाजार विशेषज्ञ अजय बग्गा ने एएनआई को बताया कि वैश्विक संकेत नकारात्मक हैं, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान और अमेरिका में बॉन्ड यील्ड कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। आज सुबह एशियाई बाजार भी दबाव में हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय बाजार उपभोग करों को कम करने और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी परिषद के फैसलों की ओर देखेंगे। बाजार स्थिर से नकारात्मक हैं, फैसले का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि यह त्योहारी सीजन में व्यक्तिगत खपत को बढ़ावा देने की दिशा निर्धारित करेगा जो भारत में आर्थिक विकास को गति दे सकता है। **विदेशी बाजारों का ऐसा रहा हाल** वहीं अगर बात विदेशी बाजारों की करें तो एशियाई बाजारों में मिश्रित रुख रहा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक बढ़त में रहा, जबकि जापान का निक्केई 225, चीन का एसएसई कॉम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार भी मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत टूटकर 68.87 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को घरेलू शेयरों में से 1,159.48 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612















## जसप्रीत बुमराह या शोएब अख्तर, कौन है ज्यादा घातक गेंदबाज?



मौजूदा समय के गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह शोएब अख्तर से अधिक डरावने हैं, यह आकाश चोपड़ा का आश्चर्यजनक और स्पष्ट जवाब है। बुमराह की रैंकिंग व आंकड़े उन्हें आधुनिक युग के सबसे प्रभावशाली पेसर में से एक बनाते हैं। एशिया कप 2025 से पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा से पूछा गया कि क्या पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को अतीत में सामना करना ज्यादा मुश्किल था या वर्तमान के भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह को। चोपड़ा ने इस सवाल का स्पष्ट और हैरान कर देने वाला जवाब दिया, जिससे सभी चौंक गए। चोपड़ा ने एक यूट्यूब चैनल 'क्रेक्स' से कहा 'मुझे लगता है बुमराह'। बुमराह के आंकड़ों की बात करें तो उन्होंने अब तक 48 टेस्ट मैचों में 219 विकेट, 89 वनडे मैचों में 149 विकेट, और 70 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 89 विकेट लिए हैं, जिससे उनकी क्षमता का पता लगता है। वहीं, शोएब अख्तर ने 46 टेस्ट में 178 विकेट, 163 वनडे में 247 विकेट और 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 19 विकेट लिए थे। अख्तर अपने समय के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक रहे हैं। उनके नाम क्रिकेट की सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड है।



## GST स्लैब में बदलाव

### खेल सेक्टर पर बड़ा असर, आईपीएल टिकटों पर 40% टैक्स, यहां जानें पूरा मामला

भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरों का असर अब खेल जगत पर भी गहराई से पड़ने वाला है। हाल ही में जीएसटी काउंसिल ने स्लैब में बदलाव करते हुए खेल और उससे जुड़े आयोजनों पर टैक्स को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। सबसे बड़ा बदलाव क्रिकेट के इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) जैसे आयोजनों पर देखने को मिलेगा। **अब आईपीएल जैसे खेल आयोजनों में प्रवेश (टिकट) पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।** इसका सीधा असर टिकट की कीमतों पर पड़ेगा और दर्शकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ सकता है। **हालांकि, यह 40 प्रतिशत की दर सिर्फ आईपीएल जैसे आयोजनों पर लागू होगी।**



दूसरी ओर, मान्यता प्राप्त खेल आयोजनों पर यह भारी कर नहीं लगाया जाएगा। यदि किसी मान्यता प्राप्त खेल आयोजन का टिकट 500 रुपये तक है तो वह पहले की तरह जीएसटी से मुक्त रहेगा। वहीं 500 रुपये से अधिक कीमत वाले टिकटों पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी जारी रहेगा। यानी, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मान्यता प्राप्त खेल टूर्नामेंटों के दर्शकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा। इसके अलावा, जीएसटी परिषद ने सट्टेबाजी, जुए, लॉटरी, घुड़दौड़ और ऑनलाइन मनी गेमिंग जैसी गतिविधियों को भी 40 प्रतिशत कर दायरे में लाने का फैसला किया है।

## Asia Cup 2025

### पिछले 10 संस्करण के भारत के हीरो, विराट के नाम सर्वाधिक रन; पठान ने झटके सबसे ज्यादा विकेट




एशिया कप हमेशा से भारतीय क्रिकेटरों के लिए अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाने का मंच रहा है। साल 2000 से अब तक हर संस्करण में किसी न किसी भारतीय बल्लेबाज या गेंदबाज ने शानदार खेल दिखाया और टीम इंडिया की ताकत बने एशिया कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। नौ सितंबर से टूर्नामेंट का आगाज होगा, जिसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मैच से करेगी। भारत इस टूर्नामेंट का गत विजेता है और इस बार भी ट्रॉफी बरकरार रखने पर उसकी नजरें होंगी। ओवरऑल रिकॉर्ड पर नजर डालें तो,भारतीय टीम आठ खिताबों (सात वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय) के साथ इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है जबकि श्रीलंका छह खिताबों के साथ दूसरी सबसे सफल टीम है। वहीं, पाकिस्तान ने दो खिताब जीते हैं। एशिया कप हमेशा से भारतीय क्रिकेटरों के लिए अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाने का मंच रहा है। साल 2000 से अब तक हर संस्करण में किसी न किसी भारतीय बल्लेबाज या गेंदबाज ने शानदार खेल दिखाया और टीम इंडिया की ताकत बने।

### एशिया कप में भारत के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी

(2000 से अब तक)



| साल | बल्लेबाज (रन) | गेंदबाज (विकेट) |
|---|---|---|
| 2000 | सौरव गांगुली (156) | अजीत आगरकर (5) |
| 2004 | सचिन तेंदुलकर (281) | इरफान पठान (14) |
| 2008 | सुरेश रैना (372) | आर.पी. सिंह (7) |
| 2010 | गौतम गंभीर (203) | आशीष नेहरा, जहीर खान, प्रवीण कुमार (6) |
| 2012 | विराट कोहली (357) | रविचंद्रन अश्विन, इरफान पठान, प्रवीण कुमार (5) |
| 2014 | शिखर धवन (192) | रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी (9) |
| 2016 | विराट कोहली (153) | हार्दिक पांड्या (7) |
| 2018 | शिखर धवन (342) | कुलदीप यादव (10) |
| 2022 | विराट कोहली (276) | भुवनेश्वर कुमार (11) |
| 2023 | शुभमन गिल (302) | मोहम्मद सिराज (10) |
| 2025 | ? | ? |

## CAFA Nations Cup: भारत को झटका, डिफेंडर झिंगन चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर





भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। भारत के स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ईरान से 0-3 से मिली हार के दौरान लगी चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। 32 वर्ष के झिंगन को लगी चोट भारत के लिए करारा झटका है जिसे गुरुवार को ग्रुप बी के तीसरे और आखिरी मैच में अफगानिस्तान से खेलना है। भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। ईरान छह अंक लेकर शीर्ष पर है। भारत की आगे बढने की उम्मीदें अफगानिस्तान के खिलाफ मैच पर टिकी हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एक्स पर लिखा, 'डिफेंडर संदेश झिंगन को ईरान के खिलाफ भारत के काफा नेशंस कप 2025 मैच के दौरान चोट लगी थी। वह भारत लौट जाएंगे।'

## Pro Kabaddi League

### पुणेरी पलटन ने बंगाल वारियर्स को 45-36 से हराया,



पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग के मौजूदा सत्र में अपना दबदबा जारी रखते हुए बुधवार को बंगाल वारियर्स के खिलाफ 45-36 की आसान जीत दर्ज की। कप्तान असलम इनामदार, आदित्य शिंदे और विशाल भारद्वाज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पुणे की टीम ने बंगाल वारियर्स को पछाड़ा जिसके लिए देवांक दलाल ने 17 अंक जुटाए। देवांक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद हालांकि वारियर्स की टीम अंतिम 10 मिनट में 28-37 से पीछे थी और टीम अंतिम लम्हों में इस अंतर को पाटने में विफल रही।